भा.कृ.अनु.प.–के.मा.शि.सं. द्वारा कूच बिहार में कार्प पॉलीकल्चर में प्रजाति

विविधीकरण पर पायलट स्केल गतिविधि, "किसानों को अनुसंधान में शामिल करना"

26 जुलाई, कूच बिहार, पश्चिम बंगाल

पारंपरिक कार्प पॉलीकल्चर अभ्यास से उत्पादकता और लाभप्रदता बढ़ाने के लिए, भा.कृ.अनु.प.-केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, कोलकाता केंद्र ने इस क्षेत्र में 20 किसानों के तालाबों में पहली बार जयंती रोहू, सिल्वर बार्ब, बाटा, पाबड़ा और टेंगरा जैसी नई प्रजातियों को शामिल करके प्रजाति विविधीकरण पर पायलट स्केल गतिविधि शुरू की । 'किसानों को अनुसंधान में शामिल करना' वाली यह गतिविधि एससीएसपी योजना के तहत 2-3 वर्षों के लिए की जा रही है । प्रदर्शन गतिविधि के तरीके और परिणाम इस क्षेत्र के किसानों द्वारा व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से देखे जा रहे हैं और यह गतिविधि जिरनपुर, कूच बिहार के लगभग 200 मछली किसानों को जिले के मछली उत्पादन को बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगी । दिनांक 24-26 जुलाई, 2024 के दौरान आयोजित इस प्रशिक्षण और प्रदर्शन कार्यक्रम में 7 महिलाओं सहित कुल 20 किसानों ने भाग लिया ।

(Source: ICAR-Central Institute of Fisheries Education, Mumbai)